# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/माध्य/मा–स/पर्यावरण (36)/वो–2/2025/ दिनांक : As in E-Sign

**समस्त संयुक्त निदेशक,**
**स्कूल शिक्षा।**

**विषय :–** **"एक पेड़ माँ के नाम"** अभियान के सम्बन्ध में।

**प्रसंग :–** शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग, जयपुर का पत्र क्रमांक : प. 24(10)शिक्षा–6/2022 (राजकाज–00427) दिनांक : 24.06.2025 (राजकाज रेफ्रेन्स आई.डी.– 16117288)

**सन्दर्भ :–** संयुक्त सचिव (संस्थान एवं प्रशिक्षण), स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली का अर्द्ध शासकीय पत्र दिनांक : 11 जून, 2025

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्रासंगिक पत्र के संलग्नित शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली के अ.शा. पत्र दिनांक : 11.06.2025 द्वारा मंत्रालय ने विगत वर्ष किये गये वृक्षारोपण की सराहना करते हुए लिखा है कि माननीय प्रधानमंत्री महोदय द्वारा 05 जून को अपनी मां को याद करते हुए एक वृक्ष लगाया गया, जिस क्रम में देश भर में शिक्षा विभाग द्वारा 5.5 करोड़ पौधारोपण किया गया।

इसी क्रम में अवगत करवाया गया है कि NCERT ने अब प्रारंभिक और माध्यमिक चरणों के लिए ''एक पेड़ माँ के नाम'' पर विशेष मॉड्यूल विकसित किए हैं। हिंदी और अंग्रेजी में ये मॉड्यूल व्यापक प्रसार के लिए NCERT की वेबसाइट (https://ncert.nic.in/special_modules.php) से डाउनलोड किए जा सकते हैं। इनका अनुवाद राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में बोली जाने वाली भारतीय भाषा में भी किया जा सकता है। ये राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी पर भी उपलब्ध हैं।

अतः प्रसंग एवं सन्दर्भितानुसार वांछित कार्यवाही के क्रम में निर्देशित किया जाता है कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय के बजट घोषणा "हरियालो राजस्थान अभियान" एवं "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के सफल एवं सुचारू आयोजन के सम्बन्ध में इस कार्यालय द्वारा जारी निर्देश–पत्रों की पालना सुनिश्चित करवाने के साथ ही NCERT द्वारा निर्मित उक्त मॉड्यूल के व्यापक प्रचार–प्रसार तथा उक्तानुसार वांछित कार्यवाही बाबत आप अपने क्षेत्राधिकार में वांछित दिशा–निर्देश जारी कर, प्रदत्त निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करावें।

**नोट :–** समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों के संस्था–प्रधानों को निर्देशित किया जाता है कि वे ईको क्लब की वेबसाईट https://ecoclubs.education.gov.in पर जाकर, विद्यालय में स्थापित ईको क्लब का पंजीकरण दिनांक : 10.07.2025 तक अनिवार्यतः सुनिश्चित करावें। उक्त क्रम में अधीनस्थ विद्यालयों की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त करने हेतु मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय श्री भजनलाल विश्नोई, अनुसंधान अधिकारी, गुणवत्ता एवं नवाचार अनुभाग, कार्यालय हाजा मोबाईल नं0. 7014593245 पर सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

**इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।**

**संलग्न : यथोक्त।**

(सीताराम जाट)
**आई.ए.एस.**
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

Signature Not Verified
Digitally signed by SitaRam Jat
Designation : Director
Date: 2025.07.06 08:22:26 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 16203265

**प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, जयपुर।
2. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग, जयपुर को उनके प्रासंगिक पत्र के क्रम में।
3. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा को जिला क्षेत्राधिकार में निर्देशों की पालना हेतु समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन बाबत। (जरिये ई–मेल)
4. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक/प्रारम्भिक को पालनार्थ। (जरिये ई–मेल)
5. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा को पालनार्थ। (जरिये ई–मेल)
6. समस्त पीईईओ/यूसीईईओ।
7. समस्त संस्था–प्रधान।
8. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड़ करवाये जाने बाबत। (जरिये ई–मेल)
9. निजी सचिव/निजी सहायक/स्टॉफ आफिसर कार्यालय निदेशक, माध्यमिक एवं प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर। (जरिये ई–मेल)
10. सहायक निदेशक, शालादर्पण अनुभाग, कार्यालय हाजा। (जरिये ई–मेल)
11. सहायक निदेशक, पीएसपी अनुभाग, कार्यालय हाजा। (जरिये ई–मेल)
12. श्री भजनलाल विश्नोई, अनुसंधान अधिकारी, गुणवत्ता एवं नवाचार अनुभाग, कार्यालय हाजा। (जरिये ई–मेल)
13. रक्षित पत्रावली।

निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक(वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

Signature Not Verified

Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2025.07.06 08:22:26 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 16203265